भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1492

<u>दिनांक 28 जुलाई, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>

कुल आयात

1492. श्रीमती माला रायः

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत एक वर्ष के दौरान कुल आयात का मद और देश–वार मूल्य कितना है;

(ख) क्या आत्मनिर्भर भारत परियोजना के कारण आयात पर कोई प्रभाव पड़ा है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

***

(क) से (ग): भारत के व्यापारिक वस्तुओं के आयात का मूल्य वर्ष 2019–20 में 474.71 बिलियन अमरीकी डालर की तुलना में वर्ष 2020–21 में 393.61 अमरीकी बिलियन डालर था जो 17.08 प्रतिशत की कमी दर्शाता है। वर्ष 2020–21 के दौरान वस्तु समूह–वार आयात का ब्यौरा अनुलग्नक–I तथा वर्ष 2020–21 के दौरान शीर्ष 30 देश–वार आयात का ब्यौरा अनुलग्नक–II पर दिया गया है। आयात में कमी कोविड–19 महामारी के प्रभाव की वजह के अतिरिक्त आत्मनिर्भर भारत पहल के अंतर्गत किए गए उपायों के कारण भी हुई है। पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2020–21 के दौरान जिन प्रमुख उत्पादों के आयात में गिरावट आई वे कच्चा पेट्रोलियम और उत्पाद, विद्युत और गैर–विद्युत मशीनरी, मोती, कीमती और अर्द्ध कीमती पत्थर, कार्बनिक और अकार्बनिक रासायनिक वस्तुएं, कोयला, कोक और ब्रिकेटस इत्यादि, कृत्रिम रेजिन, प्लास्टिक सामग्रियां इत्यादि, अलौह धातुएं, परिवहन उपस्कर, लौह और इस्पात, व्यावसायिक उपकरण, ऑप्टिकल वस्तुएं इत्यादि, धात्विक अयस्क और अन्य खनिज पदार्थ, लकडी और लकडी के उत्पाद, मशीन टूल्स, डाई/टैनिंग/रंगाई सामग्रियां, वस्त्र धागे फ्रैब्रिक, निर्मित वस्तुए, प्रोजेक्ट वस्तुएं, लुगदी और रद्दी कागज, चमड़ा और चमड़े के उत्पाद, कपास कच्चा और अपशिष्ट, अखबार का कागज, सल्फर, और अनरोस्टेड आयरन पायराइट्स और सिल्वर हैं।

अनुलग्नक–I

28 जुलाई, 2021 को लोक सभा के अतारांकित प्रश्न सं. 1492 के भाग (क) के उत्तर हेतु संदर्भित विवरण

2020–2021 के दौरान भारत का वस्तु समूह–वार आयात **(मूल्य अमरीकी मिलियन डॉलर में)**

क्र.सं.	वस्तु समूह	2020-21 (अ)
1	पैट्रोलियम, कच्चा और उत्पाद	82683.88
2	इलेक्ट्रोनिक वस्तुएं	54287.79
3	मशीनरी इलेक्ट्रीकल और गैर–इलेक्ट्रीकल	30084.26
4	सोना	34603.94
5	मोती, कीमती और अर्ध–कीमती पत्थर	18887.96
6	कार्बनिक और अकार्बनिक रसायन	19825.23
7	कोयला, कोक और ब्रिकेट्स आदि	16276.25
8	कृत्रिम रेजिन, प्लास्टिक सामग्री आदि	13509.10
9	वनस्पति तेल	11088.09
10	अलौह धातुएं	11716.65
11	परिवहन उपकरण	17874.20
12	लौह और इस्पात	12051.02
13	रसायनिक सामग्री और उत्पाद	8441.21
14	औषध एवं भेषज उत्पाद	6973.64
15	व्यवसायिक यंत्र, आप्टिकल वस्तुएं आदि	4528.24
16	उर्वरक, कच्चा और विनिर्मित	7597.30
17	धात्विक अयस्क और अन्य खनिज	4626.08
18	लकड़ी और लकड़ी के उत्पाद	4449.65
19	मशीनी औज़ार	3169.59
20	रंगाई/चर्मशोधन/रंगाई संबंधी सामग्री	2733.89
21	फल और सब्ज़ियां	2273.42
22	टेक्सटाइल यार्न फेब्रिक, निर्मित वस्तुएं	1501.47
23	परियोजना वस्तुएं	1498.94
24	लुगदी और अपशिष्ट काग़ज़	851.10
25	दालें	1611.72
26	चमड़ा और चमड़ा उत्पाद	579.79
27	कपास, कच्चा और अपशिष्ट	385.85
28	अखबारी काग़ज़	294.09
29	सल्फर और अनरोस्टेड आयरन पाइराइट्स	149.74
30	चांदी	790.36
31	अन्य	18266.09
कच्चा पैट्रोलियम और उत्पाद और सोना, मोती, कीमती और अर्ध–कीमती पत्थरों को छोड़कर कुल आयात		**393610.56**

स्रोतः डीजीसीआई एवं एस, कोलकाता (अः अनंतिम)

अनुलग्नक–II

28 जुलाई, 2021 को लोक सभा के अतारांकित प्रश्न सं. 1492 के भाग (क) के उत्तर हेतु संदर्भित विवरण

2020–21 के दौरान भारत के शीर्ष 30 देश–वार आयात

क्र.सं.	देश	आयात का मूल्य (अमरीकी मिलियन डॉलर)
1	चीन	65,212.3
2	संयुक्त राज्य अमरीका	28,876.9
3	संयुक्त अरब अमीरात	26,624.5
4	स्वीटज़रलैंड	18,231.1
5	सऊदी अरब	16,186.8
6	हांगकांग	15,172.8
7	इराक	14,287.1
8	सिंगापुर	13,304.9
9	जर्मनी	13,064.5
10	कोरिया गणराज्य	12,772.9
11	इंडोनेशिया	12,470.9
12	जापान	10,924.7
13	मलेशिया	8,388.7
14	आस्ट्रेलिया	8,247.9
15	कतर	7,930.2
16	दक्षिण अफ्रीका	7,570.8
17	बेल्जियम	6,940.7
18	वियतनाम	6,120.7
19	थाईलैंड	5,682.3
20	नाइजीरिया	5,672.4
21	रूस	5,485.8
22	कुवैत	5,214.2
23	यू.के.	4,956.0
24	फ्रांस	4,175.4
25	ताईवान	4,036.8
26	इटली	3,849.1
27	नीदरलैंड	3,314.3
28	ओमान	3,087.9
29	ब्राज़ील	3,016.0
30	मेक्सिको	2,845.9
उपर्युक्त का कुल		**3,43,664.0**
% हिस्सा		**87.3**
भारत का कुल आयात		**3,93,610.6**

स्रोतः डीजीसीआई एवं एस, कोलकाता